C·D·S-II 2009

(48)

*DO NOT OPEN THIS TEST BOOKLET UNTIL YOU ARE ASKED TO DO SO*

**T.B.C. : P-DETB-J-HL**

**Test Booklet Series**

| **Serial No.** |
|---|
| 84869 |

# TEST BOOKLET

## GENERAL KNOWLEDGE

**A**

***Time Allowed : Two Hours***

***Maximum Marks : 100***

### INSTRUCTIONS

1. IMMEDIATELY AFTER THE COMMENCEMENT OF THE EXAMINATION, YOU SHOULD CHECK THAT THIS TEST BOOKLET *DOES NOT* HAVE ANY UNPRINTED OR TORN OR MISSING PAGES OR ITEMS, ETC. IF SO, GET IT REPLACED BY A COMPLETE TEST BOOKLET.
2. ENCODE CLEARLY THE TEST BOOKLET SERIES **A, B, C** OR **D** AS THE CASE MAY BE IN THE APPROPRIATE PLACE IN THE ANSWER SHEET.
3. You have to enter your Roll Number on the Test Booklet in the Box provided alongside. *DO NOT* write *anything else* on the Test Booklet.
4. This Test Booklet contains **120** items (questions). Each item is printed both in **Hindi** and **English.** Each item comprises four responses (answers). You will select the response which you want to mark on the Answer Sheet. In case you feel that there is more than one correct response, mark the response which you consider the best. In any case, choose *ONLY ONE* response for each item.
5. You have to mark all your responses *ONLY* on the separate Answer Sheet provided. See directions in the Answer Sheet.
6. All items carry equal marks.
7. Before you proceed to mark in the Answer Sheet the response to various items in the Test Booklet, you have to fill in some particulars in the Answer Sheet as per instructions sent to you with your Admission Certificate.
8. After you have completed filling in all your responses on the Answer Sheet and the examination has concluded, you should hand over to the Invigilator *only the Answer Sheet.* You are permitted to take away with you the Test Booklet.
9. Sheets for rough work are appended in the Test Booklet at the end.
10. **Penalty for wrong Answers :**

    THERE WILL BE PENALTY FOR WRONG ANSWERS MARKED BY A CANDIDATE IN THE OBJECTIVE TYPE QUESTION PAPERS.

    (i) There are four alternatives for the answer to every question. For each question for which a wrong answer has been given by the candidate, **one-third (0·33)** of the marks assigned to that question will be deducted as penalty.

    (ii) If a candidate gives more than one answer, it will be treated as a **wrong answer** even if one of the given answers happens to be correct and there will be same penalty as above to that question.

    (iii) If a question is left blank i.e., no answer is given by the candidate, there will be **no penalty** for that question.

*DO NOT OPEN THIS TEST BOOKLET UNTIL YOU ARE ASKED TO DO SO*

***ध्यान दें*** : अनुदेशों का हिन्दी रूपान्तर इस पुस्तिका के पिछले पृष्ठ पर छपा है ।

1. Which one of the following statements about Brihadeswara Temple at Tanjavur, is ***not*** correct ?

   (a) The temple is a splendid example of Chola architecture

   (b) It was built by emperor Rajaraja

   (c) The temple is constructed of granite

   (d) The temple is a monument dedicated to Lord Vishnu

2. Consider the following statements in respect of protection of copyright in India :

   1. Copyright is a legal right given to creators of literacy, dramatic, musical and artistic works and producers of cinematograph films and sound recordings.

   2. Copyright protects only the expression and not the ideas. There is no copyright in an idea.

   Which of the statements given above is/are correct ?

   (a) 1 only

   (b) 2 only

   (c) Both 1 and 2

   (d) Neither 1 nor 2

3. Which one of the following statements with respect to Indian Air Force is ***not*** correct ?

   (a) *Chetak* is a single engine turboshaft helicopter of Russian origin

   (b) SU-30 is a twin engine fighter of Russian origin

   (c) Mirage-2000 is a multi-role fighter of French origin

   (d) MiG-29 is a twin engine fighter aircraft of Russian origin

4. Which one of the following statements regarding Bharat Ratna award is ***not*** correct ?

   (a) The original specifications for the award called for a circular gold medal, 35 mm in diameter, with the sun and the Hindi legend "Bharat Ratna" above and a floral wreath below. The reverse was to carry the state emblem and motto

   (b) The provision of Bharat Ratna was introduced in 1954

   (c) Bharat Ratna is awarded to Indian citizens only

   (d) The first ever Indian to receive this award was the famous scientist, Chandrasekhara Venkata Raman

5. Which one of the following statements with respect to Census 2001 is ***not*** correct ?

   (a) Kerala occupies the top spot in the country both in male literacy rate and female literacy rate

   (b) Female literacy rate in Jharkhand is higher than that of Bihar

   (c) Density of population of Andaman and Nicobar Islands is lowest in India

   (d) Uttar Pradesh ranked first in terms of percentage of state population to total population of India

1. तंजावुर में वृहदेश्वर मंदिर के विषय में निम्नलिखित में से कौन सा कथन सही **नहीं** है ?

   (a) मंदिर चोल वास्तुकला का उत्कृष्ट उदाहरण है

   (b) इसे सम्राट राजराजा द्वारा बनवाया गया था

   (c) मंदिर ग्रैनाइट से निर्मित है

   (d) मंदिर भगवान विष्णु को समर्पित स्मारक है

2. भारत में प्रतिलिप्यधिकार (कॉपीराइट) के संरक्षण के विषय में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :

   1. प्रतिलिप्यधिकार साक्षरता, नाट्य, संगीतात्मक और कलात्मक कृतियों के सर्जकों तथा चलचित्र फिल्मों और ध्वनि अभिलेखनों के निर्माताओं को दिया गया विधिक अधिकार है।

   2. प्रतिलिप्यधिकार केवल अभिव्यक्ति का संरक्षण करता है, न कि विचारों का। किसी विचार में कोई प्रतिलिप्यधिकार नहीं होता।

   उपर्युक्त कथनों में से कौन सा/से सही है/हैं ?

   (a) केवल 1

   (b) केवल 2

   (c) 1 और 2 दोनों

   (d) न तो 1 और न ही 2

3. भारतीय वायु सेना के विषय में निम्नलिखित में से कौन सा एक कथन सही **नहीं** है ?

   (a) **चेतक** रूसी मूल का एकल इंजिन टर्बोशैफ्ट हेलीकॉप्टर है

   (b) SU-30 रूसी मूल का युगल इंजिन युद्धक है

   (c) मिराज-2000 फ्रांसीसी मूल का बहु-भूमिका युद्धक है

   (d) MiG-29 रूसी मूल का युगल इंजिन युद्धक वायुयान है

4. भारत रत्न अलंकरण के विषय में निम्नलिखित में से कौन सा एक कथन सही **नहीं** है ?

   (a) अलंकरण के मूल विनिर्देशनों में वृत्ताकार 35 mm व्यास का स्वर्ण पदक, जिसमें सूर्य और ऊपर "भारत रत्न" हिंदी शीर्षलेख तथा नीचे पुष्पमाला हो, होना आवश्यक था। पृष्ठभाग में राजकीय चिह्न और आदर्शवाक्य होता था

   (b) भारत रत्न का प्रावधान 1954 में लाया गया

   (c) भारत रत्न केवल भारतीय नागरिकों को प्रदान किया जाता है

   (d) इस अलंकरण को प्राप्त करने वाले सर्वप्रथम भारतीय, प्रसिद्ध वैज्ञानिक चंद्रशेखर वेंकट रमण थे

5. 2001 की जनगणना से सम्बन्धित निम्नलिखित में से कौन सा एक कथन सही **नहीं** है ?

   (a) देश में पुरुष साक्षरता दर एवं महिला साक्षरता दर दोनों में केरल का स्थान सर्वोपरि है

   (b) बिहार की महिला साक्षरता दर की तुलना में झारखंड में महिला साक्षरता दर अधिक है

   (c) भारत में अंडमान एवं निकोबार द्वीपसमूह में जनसंख्या घनत्व सबसे कम है

   (d) भारत की कुल जनसंख्या से राज्य जनसंख्या की प्रतिशतता के आधार पर उत्तर प्रदेश का पहला स्थान है

6. Match List I with List II and select the correct answer using the code given below the Lists :

| List I *(Military Academies in India)* | List II *(Location)* |
|---|---|
| A. High Altitude Warfare School | 1. Agra |
| B. Counter Insurgency and Jungle Warfare School | 2. Gulmarg |
| C. Paratrooper's Training School | 3. Vairengte |
| D. Combat Army Aviation Training School | 4. Nashik Road |

*Code :*

| | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| (a) | 2 | 3 | 1 | 4 |
| (b) | 2 | 1 | 3 | 4 |
| (c) | 4 | 1 | 3 | 2 |
| (d) | 4 | 3 | 1 | 2 |

7. Consider the following statements :

1. *An Inconvenient Truth* is a documentary film about global warming directed by Al Gore.
2. The film focuses on Al Gore and his travels in support of his efforts to educate the public about the severity of the climate crisis.

Which of the statements given above is/are correct ?

(a) 1 only

(b) 2 only

(c) Both 1 and 2

(d) Neither 1 nor 2

8. Consider the following statements :

1. The Walker Cup is associated with Golf.
2. The event is contested biennially in odd numbered years.
3. The teams contesting the trophy comprising the leading amateur golfers of the United Kingdom and Great Britain and Ireland.

Which of the statements given above is/are correct ?

(a) 1, 2 and 3

(b) 1 only

(c) 2 and 3 only

(d) 1 and 3 only

9. The headquarters of Western Air Command of the Indian Air Force is located at

(a) Jodhpur

(b) Nagpur

(c) New Delhi

(d) Gandhi Nagar

6. सूची I को सूची II से सुमेलित कीजिए और सूचियों के नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए :

| सूची I (भारत में सैन्य अकादमियाँ) | सूची II (स्थान) |
|---|---|
| A. हाई ऐल्टिट्यूड वारफेयर स्कूल | 1. आगरा |
| B. काउंटर इन्सर्जेन्सी ऐन्ड जंगल वारफेयर स्कूल | 2. गुलमर्ग |
| C. पैराट्रूपर्स ट्रेनिंग स्कूल | 3. वाइरेन्गटे |
| D. कॉम्बैट आर्मी एविएशन ट्रेनिंग स्कूल | 4. नाशिक रोड |

कूट :

| | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| (a) | 2 | 3 | 1 | 4 |
| (b) | 2 | 1 | 3 | 4 |
| (c) | 4 | 1 | 3 | 2 |
| (d) | 4 | 3 | 1 | 2 |

7. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :

1. 'ऐन इन्कन्वीनिएंट ट्रुथ' एल गोरे द्वारा निर्देशित वृत्तचित्र है जो भूमण्डलीय तापन से सम्बन्धित है।
2. फिल्म एल गोरे, एवं जलवायवी संकट की गहनता के बारे में लोगों को शिक्षित करने के लिए उनके प्रयासों के समर्थन में उनके द्वारा की गयी यात्राओं पर केन्द्रित है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन सा/से सही है/हैं ?

(a) केवल 1

(b) केवल 2

(c) 1 और 2 दोनों

(d) न तो 1 और न ही 2

8. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :

1. वाकर (Walker) कप गोल्फ से सम्बद्ध है।
2. यह प्रतिस्पर्धा विषमसंख्यात्मक वर्षों में द्विवार्षिक रूप से होती है।
3. ट्रॉफी के लिए प्रतिस्पर्धी टीमों में यूनाइटेड किंगडम तथा ग्रेट ब्रिटेन और आयरलैण्ड के शौकिया गोल्फ खिलाड़ी होते हैं।

उपर्युक्त कथनों में से कौन सा/से सही है/हैं ?

(a) 1, 2 और 3

(b) केवल 1

(c) केवल 2 और 3

(d) केवल 1 और 3

9. भारतीय वायु सेना के पश्चिमी एयर कमान का मुख्यालय कहाँ अवस्थित है ?

(a) जोधपुर

(b) नागपुर

(c) नई दिल्ली

(d) गाँधीनगर

**10.** Consider the following statements :

1. Nuclear winter is a term that describes the predicted climatic effects of nuclear war.

2. A 2008 study published in the proceedings of the National Academy of Science, USA found that a nuclear weapons exchange between Pakistan and India using their current arsenals could create a near-global ozone hole, triggering human health problems and wreaking environmental havoc for at least a decade.

Which of the statements given above is/are correct ?

(a) 1 only

(b) 2 only

(c) Both 1 and 2

(d) Neither 1 nor 2

**11.** Mixed economy means an economy where

(a) both agriculture and industry are equally promoted by the State

(b) there is co-existence of public sector along with private sector

(c) there is importance of small scale industries along with heavy industries

(d) economy is controlled by military as well as civilian rulers

**12.** Consider the following statements about Nobel Prize :

1. It is never awarded posthumously.

2. Nobel Prize in Economics is given since 1901.

Which of the statements given above is/are correct ?

(a) 1 only

(b) 2 only

(c) Both 1 and 2

(d) Neither 1 nor 2

**13.** What is the common first digit of the numbers of the Superfast and Shatabdi trains regardless of zones presently running in India ?

(a) 0

(b) 1

(c) 2

(d) 3

**14.** Which one of the following statements regarding the Association of South East Asian Nations (ASEAN) is ***not*** correct ?

(a) ASEAN was established in the year 1967 in Bangkok by the five original Member Countries

(b) Singapore is one of the original members of ASEAN

(c) India is a sectoral dialogue partner of ASEAN

(d) There are ten members of ASEAN

**10.** निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :

1. नाभिकीय शीत वह शब्द है जो नाभिकीय युद्ध के जलवायवी प्रभावों के पूर्वानुमानों का वर्णन करता है।

2. यू. एस. ए. की राष्ट्रीय विज्ञान अकादमी की कार्यवाही में 2008 में प्रकाशित अध्ययन में बतलाया गया है कि भारत और पाकिस्तान के बीच, उनके वर्तमान शस्त्रागारों का प्रयोग करते हुए, नाभिकीय शस्त्रों के आदान-प्रदान से भूमंडलीय ओजोनाछिद्र जैसी स्थिति हो सकती है जिससे मानवीय स्वास्थ्य समस्याएँ उत्पन्न होंगी और कम से कम एक दशक के लिए पर्यावरणीय विध्वंस उतर आएगा।

उपर्युक्त कथनों में से कौन सा/से सही है/हैं ?

(a) केवल 1

(b) केवल 2

(c) 1 और 2 दोनों

(d) न तो 1 और न ही 2

**11.** मिश्रित अर्थ व्यवस्था का तात्पर्य वह अर्थव्यवस्था है, जिसमें

(a) राज्य द्वारा कृषि और उद्योग दोनों को ही समान रूप से प्रोत्साहित किया जाए

(b) प्राइवेट सेक्टर के साथ-साथ पब्लिक सेक्टर का सह अस्तित्व हो

(c) भारी उद्योगों के साथ-साथ लघु उद्योगों का महत्व हो

(d) अर्थ व्यवस्था पर सैनिक के साथ-साथ नागरिक शासकों का नियन्त्रण हो

**12.** नोबल पुरस्कार के बारे में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :

1. इसे कभी भी मरणोपरांत प्रदान नहीं किया गया है।

2. अर्थ शास्त्र में नोबल पुरस्कार 1901 से दिया जा रहा है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन सा/से सही है/हैं ?

(a) केवल 1

(b) केवल 2

(c) 1 और 2 दोनों

(d) न तो 1 और न ही 2

**13.** भारत में वर्तमान में चल रही सुपरफास्ट एवं शताब्दी ट्रेनों की, चाहे वे किसी मंडल (ज़ोन) की हों, संख्याओं का पहला सामान्य अंक क्या है ?

(a) 0

(b) 1

(c) 2

(d) 3

**14.** दक्षिणी पूर्वी एशियाई राष्ट्रों का संघ (ASEAN) के सम्बन्ध में निम्नलिखित में से कौन सा कथन सही **नहीं** है ?

(a) आसियान (ASEAN) की स्थापना वर्ष 1967 में बेंकाक में पांच संस्थापक सदस्य देशों द्वारा की गयी

(b) सिंगापुर आसियान (ASEAN) के संस्थापक सदस्यों में से एक है

(c) भारत आसियान (ASEAN) का क्षेत्रीय संवाद सहभागी है

(d) आसियान के दस सदस्य हैं

15. Consider the following statements :

1. Jim Corbett National Park is the oldest National Park of India.
2. It was one of the nine Tiger Reserves created at the launch of the Project Tiger in 1973.
3. Initially it was named as 'Hailey National Park'.

Which of the statements given above are correct ?

(a) 1 and 2 only

(b) 1, 2 and 3

(c) 2 and 3 only

(d) 1 and 3 only

16. Who among the following holds the world record for the fastest century in a One Day International cricket match ?

(a) Sanath Jayasuriya

(b) Virendra Sehwag

(c) Shahid Afridi

(d) *None of the above*

17. Consider the following statements about a famous autobiographical narrative :

The author of the book is/was the head of one of India's leading business houses and a Member of Rajya Sabha. In the book he embraced principles in which the creation of wealth, philanthropy and political leadership were all regarded as part of nation-building. Written in a style that is simple and translucent in its sincerity, the book brings alive an important era in the life of the nation, its changing social mores, evolving principles of corporate governance and enduring family values.

Who among the following is the author of the book ?

(a) K. K. Birla

(b) Dhiru Bhai Ambani

(c) Jamshedji Tata

(d) L. N. Mittal

18. The year 2009 is being celebrated by the UN as

(a) International Year of Reconciliation

(b) International Year of Astronomy

(c) International Year of Human Rights Learning

(d) *All of the above*

19. The acronym of which one of the following Missile is perceived as the confluence of the two nations (India and Russia) represented by two rivers ?

(a) Astra

(b) Akash

(c) Prithvi

(d) BrahMos

20. Which one of the following committees was constituted by Ministry of Human Resource Development, Government of India, as per the Direction of the Supreme Court of India to frame guidelines on students' union elections in colleges/universities ?

(a) Moily Committee

(b) Lyngdoh Committee

(c) Sachar Committee

(d) Ganguly Committee

15. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :

1. जिम कोरबेट राष्ट्रीय उद्यान भारत का प्राचीनतम राष्ट्रीय उद्यान है।
2. वह 1973 में प्रारंभ की गयी बाघ परियोजना के नौ बाघ संरक्षण क्षेत्रों (टाइगर रिजर्व) में से एक था।
3. प्रारंभ में इसका नाम 'हैली राष्ट्रीय उद्यान' था।

उपर्युक्त कथनों में से कौन से सही हैं ?

(a) केवल 1 और 2

(b) 1, 2 और 3

(c) केवल 2 और 3

(d) केवल 1 और 3

16. निम्नलिखित में से कौन, एक-दिवसीय अन्तर्राष्ट्रीय क्रिकेट मैच में सबसे तेजगति से शतक बनाने का विश्व कीर्तिमान रखता है ?

(a) सनथ जयसूर्या

(b) वीरेन्द्र सहबाग

(c) शहीद अफरीदी

(d) उपर्युक्त में से कोई नहीं

17. एक प्रसिद्ध आत्मकथात्मक आख्यान के बारे में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :

पुस्तक का लेखक भारत के एक प्रमुख व्यापारिक घराने का मुखिया एवं राज्य सभा का सदस्य है/था। पुस्तक में उन्होंने सम्पत्ति के सृजन, लोकोपकार तथा राजनैतिक नेतृत्त्व सभी को राष्ट्र निर्माण का हिस्सा मानने के सिद्धान्त को अंगीकार किया। ऐसी शैली में लिखी गई जो सरल है और जिससे निष्कपटता झलकती है, पुस्तक राष्ट्र के जीवन में एक महत्त्वपूर्ण युग को, इसके बदलते हुए सामाजिक लोकाचार, निगमशासन के विकसित होते हुए सिद्धान्तों तथा टिकाऊ पारिवारिक मूल्यों को जीवित करती है।

निम्नलिखित में से कौन पुस्तक का लेखक है ?

(a) के. के. बिड़ला

(b) धीरु भाई अम्बानी

(c) जमशेद जी टाटा

(d) एल. एन. मित्तल

18. 2009 का वर्ष संयुक्त राष्ट्र संघ (UN) द्वारा किस रूप में मनाया जा रहा है ?

(a) अन्तर्राष्ट्रीय मेल मिलाप वर्ष

(b) अन्तर्राष्ट्रीय खगोल विज्ञान वर्ष

(c) अन्तर्राष्ट्रीय मानव अधिकार अधिगम वर्ष

(d) उपर्युक्त सभी

19. निम्नलिखित में से किस प्रक्षेपास्त्र (मिसाइल) का परिवर्णी शब्द (एक्रोनिम) दो नदियों द्वारा निरूपित दो राष्ट्रों (भारत और रूस) के संगम के रूप में समझा जाता है ?

(a) अस्त्र

(b) आकाश

(c) पृथ्वी

(d) ब्रह्मोस

20. निम्नलिखित में से कौन सी एक समिति भारत के उच्चतम न्यायालय के निर्देशानुसार, महाविद्यालयों/विश्वविद्यालयों में छात्रसंघ चुनाव पर दिशानिर्देश तैयार करने के लिए मानवसंसाधन विकास मंत्रालय, भारत सरकार, द्वारा गठित की गई थी ?

(a) मोइली समिति

(b) लिंगदोह समिति

(c) सच्चर समिति

(d) गांगुली समिति

21. The aircraft carrier Admiral Gorshkov procured by India from Russia is renamed as

(a) INS Virat

(b) INS Godavari

(c) INS Trishul

(d) INS Vikramaditya

22. Which one of the following pairs is ***not*** correctly matched ?

| | | | |
|---|---|---|---|
| (a) | Pawan Munjal | : | Hero Honda Motors |
| (b) | Venu Srinivasan | : | TVS Motors |
| (c) | Deepak Parekh | : | Tata Steel |
| (d) | K. V. Kamath | : | ICICI Bank |

23. Consider the following statement and identify with the help of the code the tree with which the statement is related to ?

The branches of this tree root themselves like new trees over a large area. The roots then give rise to more trunks and branches. Because of this characteristic and its longevity, this tree is considered immortal and is an integral part of the myths and legends of India.

(a) Banyan

(b) Neem

(c) Tamarind (*Imli*)

(d) Peepul

24. Consider the following statements about national calendar of India :

1. The national calendar based on the *Saka* era with *Chaitra* as its first month.

2. Dates of the national calendar have a permanent correspondence with dates of the Gregorian calendar.

Which of the statements given above is/are correct ?

(a) 1 only

(b) 2 only

(c) Both 1 and 2

(d) Neither 1 nor 2

25. Recently a large number of children/infants have fallen sick because of the use of melamine contaminated dairy products in the world. Due to this many countries like South Africa, Japan, and Singapore etc. have stopped import of these products. Which of the following countries was the main exporter of such products ?

(a) China

(b) Bangladesh

(c) Pakistan

(d) Iran

**21.** भारत द्वारा रूस से प्राप्त वायुयान वाहक एडमिरल गोर्शकोव का पुन:नामकरण क्या किया गया ?

(a) आइ एन एस विराट

(b) आइ एन एस गोदावरी

(c) आइ एन एस त्रिशूल

(d) आइ एन एस विक्रमादित्य

**22.** निम्नलिखित में से कौन सा एक युग्म सही सुमेलित **नहीं** है ?

(a) पवन मुंजाल : हीरो होन्डा मोटर्स

(b) वेणु श्रीनिवासन : टीवीएस मोटर्स

(c) दीपक पारेख : टाटा स्टील

(d) के. वी. कामथ : आई सी आई सी आई बैंक

**23.** निम्नलिखित कथन पर विचार कीजिए, तथा कूट की सहायता से, कथन से सम्बन्धित पेड़ की पहचान कीजिए।

इस वृक्षमूल की शाखाएँ अपने आप में बड़े क्षेत्र में नये पेड़ों जैसी होती हैं। जड़ें और नये तनों एवं शाखाओं को जन्म देती हैं। इसी विशेषता एवं इसकी दीर्घ आयु के कारण इसे अक्षय माना जाता है तथा यह भारत की पौराणिक कथाओं एवं अनुश्रुतियों का एक आवश्यक भाग है।

(a) वट

(b) नीम

(c) इमली

(d) पीपल

**24.** भारत के राष्ट्रीय कलेंडर के बारे में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :

1. राष्ट्रीय कलेंडर **शक** महाकल्प पर, जिसमें **चैत्र** पहला महीना होता है, आधारित है।

2. राष्ट्रीय कलेंडर की तिथियाँ ग्रेगरीय (ग्रेगोरियन) कलेंडर की तिथियों से स्थायी संगति रखती हैं।

उपर्युक्त कथनों में से कौन सा/से सही है/हैं ?

(a) केवल 1

(b) केवल 2

(c) 1 और 2 दोनों

(d) न तो 1 और न ही 2

**25.** विश्व में मेलऐमिन संदूषित डेरी उत्पादों के कारण हाल ही में बड़ी संख्या में बाल/शिशु बीमार हो गये। इस कारण अनेक देशों जैसे दक्षिण अफ्रीका, जापान एवं सिंगापुर इत्यादि देशों ने इन उत्पादों का आयात रोक दिया है। निम्नलिखित में से कौन सा देश ऐसे उत्पादों का मुख्य निर्यातक था ?

(a) चीन

(b) बंगलादेश

(c) पाकिस्तान

(d) ईरान

**26.** Consider the following statements about bioremediation :

1. It may be defined as any process that uses microorganisms or their enzymes to return the environment altered by contaminants to its original condition.

2. Bioremediation may be employed in order to attack specific contaminants, such as chlorinated pesticides that are degraded by bacteria.

Which of the statements given above is/are correct ?

(a) 1 only

(b) 2 only

(c) Both 1 and 2

(d) Neither 1 nor 2

**27.** Consider the following statements about the Treaty of Lisbon (2007) :

1. This is an international agreement signed to change the functioning of European Union.

2. To enter into legal force, the treaty must be ratified by at least 3/4th member states of the European Union.

Which of the statements given above is/are correct ?

(a) 1 only

(b) 2 only

(c) Both 1 and 2

(d) Neither 1 nor 2

**28.** Which one of the following is ***not*** an independent Department under the Government of India ?

(a) Department of Atomic Energy

(b) Department of Bio-Technology

(c) Department of space

(d) Planning Commission

**29.** In a significant climate responsive project, in which one of the following places, recently an abandoned thermal power plant has been converted into a mega solar power generating station which poised to give a huge fillip to India's renewable energy ambition ?

(a) Talcher (Orissa)

(b) Namrup (Assam)

(c) Jamuria (West Bengal)

(d) Jaisalmar (Rajasthan)

**30.** Roh Moo-hyun, the President (2003-2008) of which one of the following countries has committed suicide in May, 2009 ?

(a) Japan

(b) South Korea

(c) Indonesia

(d) North Korea

26. जैवउपचार के बारे में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :

1. इसे किसी ऐसी प्रक्रिया के रूप में परिभाषित किया जा सकता है जिसमें सूक्ष्म जीव या उनके एन्जाइम के उपयोग से, संदूषणों द्वारा बदले गए पर्यावरण को, उसकी मूल दशा में वापस लौटाया जाता है।

2. जैवउपचार को विशेष संदूषकों, जैसे क्लोरीनीकृत पीड़कनाशी, पर, आक्रमण करने के लिए उपयोग किया जाता है, जो जीवाणुओं द्वारा निम्नीकृत कर दिये जाते हैं।

उपर्युक्त कथनों में से कौन सा/से सही है/हैं ?

(a) केवल 1

(b) केवल 2

(c) 1 और 2 दोनों

(d) न तो 1 और न ही 2

27. लिस्बन की सन्धि (2007) के बारे में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :

1. यह एक अन्तर्राष्ट्रीय समझौता है, जिस पर यूरोपीय संघ के कार्यकरण में परिवर्तन के लिए हस्ताक्षर किये गये।

2. विधिक शक्ति के रूप में स्थापित होने के लिए समझौते को यूरोपीय संघ के कम से कम 3/4 सदस्य राज्यों के द्वारा अनुसमर्थित होना ही चाहिए।

उपर्युक्त कथनों में से कौन सा/से सही है/हैं ?

(a) केवल 1

(b) केवल 2

(c) 1 और 2 दोनों

(d) न तो 1 और न ही 2

28. निम्नलिखित में से कौन सा एक, भारत सरकार के अधीन स्वतंत्र विभाग **नहीं** है ?

(a) परमाणु ऊर्जा विभाग

(b) जैव-प्रौद्योगिकी विभाग

(c) अंतरिक्ष (स्पेस) विभाग

(d) योजना आयोग

29. सार्थक जलवायु अनुक्रियात्मक परियोजना में, निम्नलिखित में से किस एक स्थान में, हाल ही में एक परित्यक्त तापीय शक्ति संयंत्र को बृहत् सौर शक्ति जनन केंद्र में परिवर्तित किया गया है, जिसने भारत के पुनर्नवीकरणीय ऊर्जा महत्वाकांक्षा को अत्यधिक प्रोत्साहन प्रदान किया है ?

(a) तालचेर (उड़ीसा)

(b) नामरूप (असम)

(c) जमुरिया (पश्चिम बंगाल)

(d) जैसलमेर (राजस्थान)

30. रोह-मू-ह्यून निम्नलिखित में से किस एक देश का राष्ट्रपति (2003-2008) था, जिसने मई, 2009 में आत्महत्या कर ली ?

(a) जापान

(b) दक्षिण कोरिया

(c) इंडोनेशिया

(d) उत्तर कोरिया

**31.** Consider the following statements about Aruna Roy :

1. She was one of the prominent leaders of the right to information movement, which eventually led to the enactment of Right to Information Act in 2005.
2. She was the founder of the Mazdoor Kisan Shakti Sangathana.
3. She served as a civil servant in the Indian Administrative Service.

Which of the statements given above is/are correct ?

(a) 1 and 2 only

(b) 2 only

(c) 1 only

(d) 1, 2 and 3

**32.** In May, 2009 European Space Agency (ESA) successfully launched two of its most ambitious astronomy missions to unveil the secrets of the darkest, coldest and oldest parts of the universe. Name the two most complex science satellites ever built in Europe used in this mission.

(a) ERS-2 and ERS-Envisat

(b) GOCE and Proba-1

(c) Herschel and Planck

(d) Rosetta and Hubble

**33.** Match List I with List II and select the correct answer using the code given below the Lists :

| List I *(River)* | List II *(Source)* |
|---|---|
| A. Ganga | 1. Amarkantak |
| B. Son | 2. Gaumukh |
| C. Godavari | 3. Mahabaleshwar |
| D. Krishna | 4. Trimbakeshwar |
| | 5. Mansarovar |

*Code :*

| | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| (a) | 1 | 2 | 4 | 5 |
| (b) | 2 | 1 | 3 | 4 |
| (c) | 4 | 3 | 1 | 2 |
| (d) | 2 | 1 | 4 | 3 |

**34.** Golden Fibre refers to

(a) Hemp

(b) Cotton

(c) Jute

(d) Nylon

**35.** The channel separating the Andaman Islands from the Nicobar Islands is known as

(a) Coco channel

(b) 10° channel

(c) Duncan passage

(d) Somboraro channel

**36.** Consider the following statements :

1. Suez Canal is an important link between developed countries and developing countries.
2. It joins the Mediterranean Sea with the Gulf of Suez.
3. It is not a sea level canal.

Which of the statements given above is/are correct ?

(a) 1 and 2

(b) 1 and 3

(c) 2 and 3

(d) 1 only

31. अरुणा रॉय के बारे में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :

1. वे सूचना का अधिकार आन्दोलन के, जो अन्ततः 2005 में सूचना का अधिकार अधिनियम के अधिनियमन का कारण बना, प्रमुख नेताओं में से एक थीं।
2. वे मजदूर किसान शक्ति संगठन की संस्थापक थीं।
3. उन्होंने भारतीय प्रशासनिक सेवा में एक सिविल सेवक के रूप में सेवा दी।

उपर्युक्त कथनों में से कौन सा/से सही है/हैं ?

(a) केवल 1 और 2
(b) केवल 2
(c) केवल 1
(d) 1, 2 और 3

32. मई 2009 में यूरोपीय अंतरिक्ष एजेंसी (ESA) ने ब्रह्मांड के अंधकारतम, शीततम और प्राचीनतम भागों के रहस्यों के अनावरण के लिये अपने दो सर्वाधिक महत्वाकांक्षी खगोलीय मिशनों को सफलतापूर्वक आरम्भ किया। यूरोप में कभी भी बनाए गए उन दो सर्वाधिक जटिल विज्ञान उपग्रहों के नाम बताइये जो इस मिशन में प्रयुक्त हुए ?

(a) ERS-2 और ERS-एन्वीसैट (Envisat)
(b) GOCE और प्रोबा-1
(c) हर्शेल और प्लैंक
(d) रोसेटा और हबल

33. सूची I को सूची II से सुमेलित कीजिए और सूचियों के नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए :

| सूची I (नदी) | सूची II (स्रोत) |
|---|---|
| A. गंगा | 1. अमरकंटक |
| B. सोन | 2. गोमुख |
| C. गोदावरी | 3. महाबलेश्वर |
| D. कृष्णा | 4. त्रिंबकेश्वर |
| | 5. मानसरोवर |

कूट :

| | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| (a) | 1 | 2 | 4 | 5 |
| (b) | 2 | 1 | 3 | 4 |
| (c) | 4 | 3 | 1 | 2 |
| (d) | 2 | 1 | 4 | 3 |

34. स्वर्णिम तंतु (गोल्डेन फाइबर) किसे निर्दिष्ट करता है ?

(a) हेम्प
(b) रूई
(c) जूट
(d) नाइलॉन

35. अन्डमान द्वीपसमूह को निकोबार द्वीपसमूह से अलग करने वाला जलमार्ग किस नाम से जाना जाता है ?

(a) कोको जलमार्ग
(b) 10° जलमार्ग
(c) डन्कन मार्ग (पैसेज)
(d) सोम्बोरारो जलमार्ग

36. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :

1. विकसित देश व विकाशशील देश के बीच स्वेज नहर एक महत्वपूर्ण कड़ी है।
2. यह भूमध्य सागर को स्वेज की खाड़ी से जोड़ती है।
3. यह एक समुद्र तल नहर नहीं है।

उपर्युक्त में से कौन सा/से कथनों सही है/हैं ?

(a) 1 और 2
(b) 1 और 3
(c) 2 और 3
(d) केवल 1

**37.** Which one of the following countries is located south of the equator ?


(a) Cameroon

(b) Sudan

(c) Nigeria

(d) Rwanda

**38.**




In the map given above four petro-chemical centres are marked with numbers. Match them with the following four places and select the correct answer using the code given below :

A. Koyali

B. Trombay

C. Jamnagar

D. Mangalore

*Code :*

| | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| (a) | 2 | 3 | 1 | 4 |
| (b) | 2 | 1 | 3 | 4 |
| (c) | 4 | 2 | 3 | 1 |
| (d) | 4 | 3 | 2 | 1 |

**39.** What is the correct sequence of the location of the following sea ports of India from south to north ?

(a) Cochin, Thiruvananthapuram, Calicut, Mangalore

(b) Calicut, Thiruvananthapuram, Cochin, Mangalore

(c) Thiruvananthapuram, Cochin, Calicut, Mangalore

(d) Thiruvananthapuram, Calicut, Mangalore, Cochin

**40.** The hill range that separates the state of Manipur from the state of Nagaland is known as

(a) Arakan hills

(b) Patkai hills

(c) Barail hills

(d) Manipur hills

**41.** Which continent of the world does ***not*** have a desert ?

(a) Australia

(b) Europe

(c) Asia

(d) North America

**42.** Israel has common borders with

(a) Lebanon, Syria, Jordan and Egypt

(b) Turkey, Syria, Jordan and Yemen

(c) Lebanon, Syria, Turkey and Jordan

(d) Cyprus, Turkey, Jordan and Egypt

37. विषुवत रेखा के दक्षिण में निम्नलिखित में से कौन सा देश स्थित है ?


(a) कैमेरून

(b) सूडान

(c) नाइजीरिया

(d) रवान्डा

38.




चार शैलरसायनिक केन्द्रोंको उपर्युक्त मानचित्र में अंकों द्वारा दिखाया गया है। निम्नलिखित चार स्थानों के साथ इनको सुमेलित कीजिए और नीचे दिए गये कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए :

A. कोयाली

B. ट्रॉम्बे

C. जामनगर

D. मंगलोर

कूट :

| | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| (a) | 2 | 3 | 1 | 4 |
| (b) | 2 | 1 | 3 | 4 |
| (c) | 4 | 2 | 3 | 1 |
| (d) | 4 | 3 | 2 | 1 |

39. भारत के निम्नलिखित समुद्री पत्तनों के अवस्थानों का दक्षिण से उत्तर की ओर, कौन सा सही अनुक्रम है ?

(a) कोचीन, तिरुअनंतपुरम, कालीकट, मैंगलोर

(b) कालीकट, तिरुअनंतपुरम, कोचीन, मैंगलोर

(c) तिरुअनंतपुरम, कोचीन, कालीकट, मैंगलोर

(d) तिरुअनंतपुरम, कालीकट, मैंगलोर, कोचीन

40. मणिपुर राज्य को नागालैंड राज्य से अलग करने वाली पहाड़ी शृंखला को किस नाम से जाना जाता है ?

(a) अराकान पहाड़ी शृंखला

(b) पतकायी पहाड़ी शृंखला

(c) बरैल पहाड़ी शृंखला

(d) मणिपुर पहाड़ी शृंखला

41. विश्व के किस महाद्वीप में मरुस्थल **नहीं** है ?

(a) आस्ट्रेलिया

(b) यूरोप

(c) एशिया

(d) उत्तरी अमेरिका

42. इज़राइल की सीमा किन देशों के साथ लगी है ?

(a) लेबनान, सीरिया, जॉर्डन व मिश्र

(b) टर्की, सीरिया, जॉर्डन व यमन

(c) लेबनान, सीरिया, टर्की व जॉर्डन

(d) साइप्रस, टर्की, जॉर्डन व मिश्र

**43.** The Pacific Islands from New Guinea south east-wards to the Fiji Islands' group is called

(a) the Polynesia

(b) the Mellanesia

(c) the Micronesia

(d) the Australasia

**44.** Radio waves are reflected back to earth from the

(a) Troposphere

(b) Exosphere

(c) Stratosphere

(d) Ionosphere

**45.** What is the name of the strait where 'Adams' bridge' is situated ?

(a) Bering Strait

(b) Cook Strait

(c) Palk Strait

(d) Taiwan Strait

**46.** Which water body separates Australia from New Zealand ?

(a) Cook Straits

(b) Megellan

(c) Tasman sea

(d) Great Barrier Reef

**47.** The ageing index in India has increased from 14% in 1951 to > 21% in 2001. With respect to this which of the following effects is/are correct ?

1. Decline in the proportion of child population.

2. Increase in the proportion of old population.

Select the correct answer from the codes given below :

(a) 1 only

(b) 2 only

(c) Both 1 and 2

(d) Neither 1 nor 2

**48.** Consider the following statements :

1. In the month of July the Inter-Tropical Convergence Zone is located in the Indo Gangetic plain.

2. Northern Inter-Tropical Convergence Zone is the zone of clouds and heavy rainfall.

Which of the statements given above is/are correct ?

(a) 1 only

(b) 2 only

(c) Both 1 and 2

(d) Neither 1 nor 2

43. न्यू गीनिया के दक्षिण-पूर्व से फिजी द्वीपसमूह तक प्रशांत द्वीपसमूह को क्या कहते हैं ?

(a) पॉलीनेशिया

(b) मेलानेशिया

(c) माइक्रोनेशिया

(d) आस्ट्रेलेशिया

44. रेडियो तरंगें पृथ्वी पर किस मंडल से वापस परावर्तित होती हैं ?

(a) क्षोभमंडल

(b) बहिर्मंडल

(c) समतापमंडल

(d) आयनमंडल

45. 'ऐडम्स ब्रिज' जहाँ पर स्थित है उस जलडमरुमध्य का नाम क्या है ?

(a) बेरिंग जलडमरुमध्य

(b) कुक जलडमरुमध्य

(c) पाक (Palk) जलडमरुमध्य

(d) ताइवान जलडमरुमध्य

46. आस्ट्रेलिया को न्यूजीलैंड से कौन सा जलाशय अलग करता है ?

(a) कुक जलडमरुमध्य

(b) मेगेलान

(c) तस्मान समुद्र

(d) ग्रैट बैरियर रीफ

47. भारत का वयोवृद्धि सूचकांक 1951 में 14% से बढ़कर 2001 में > 21% हो गया है। इसको ध्यान में रखते हुए निम्नलिखित में से कौन सा/से प्रभाव सही है/हैं ?

1. बच्चों की जनसंख्या के अनुपात में गिरावट।

2. वृद्धों की जनसंख्या के अनुपात में वृद्धि।

नीचे दिए गये कूट में से सही उत्तर चुनिए :

(a) केवल 1

(b) केवल 2

(c) 1 और 2 दोनों

(d) न तो 1 और न ही 2

48. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :

1. जुलाई के महीने में अंतः उष्णकटिबंधीय अभिसरण क्षेत्र सिंधु गंगा समतल में अवस्थित होता है।

2. उत्तरी अंतः उष्णकटिबंधीय अभिसरण क्षेत्र बादल व अत्यधिक वर्षा का क्षेत्र है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन सा/से सही है/हैं ?

(a) केवल 1

(b) केवल 2

(c) 1 और 2 दोनों

(d) न तो 1 और न ही 2

**49.** Which one of the following regions is culturally closer to India but ethnically closer to China ?

(a) Central Asia

(b) West Asia

(c) Polynesia

(d) South-East Asia

**50.** Sal trees are the typical species of

(a) Tropical rain forest

(b) Tropical monsoon forest

(c) Taiga forest

(d) Tundra forest

**51.** Match List I with List II and select the correct answer using the code given below the Lists :

| List I *(Place)* | List II *(Famous for)* |
|---|---|
| A. Balaghat | 1. Oil field |
| B. Katni | 2. Iron ore |
| C. Singrauli | 3. Manganese |
| D. Kalol | 4. Bauxite |
| | 5. Coal |

*Code :*

| | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| (a) | 1 | 2 | 4 | 3 |
| (b) | 3 | 4 | 5 | 1 |
| (c) | 3 | 5 | 4 | 1 |
| (d) | 1 | 2 | 5 | 3 |

**52.** Leaching is the maximum in the soil type of

(a) Laterite

(b) Red

(c) Regur

(d) Desert

**53.** High spring tides occur at new moon and full moon because, the

(a) Moon and Earth are at right angles

(b) Sun and Moon are at right angles

(c) Sun, Earth and the Moon are in straight line

(d) Sun and Earth are at right angles

**54.** The following figure shows the proportion of the population for four years in various age groups in percentage :

| | **1971** | **1981** | **1991** | **2001** |
|---|---|---|---|---|
| 0 to 14 years | 42·03 | 35·57 | 37·46 | 35·44 |
| 15 to 29 years | 23·97 | 25·90 | 26·71 | 26·65 |
| 30 to 64 years | 28·03 | 28·04 | 29·03 | 30·44 |
| 65 years and above | 5·97 | 6·49 | 6·80 | 7·47 |

Based on the information provided above identify the state of dependency ratio from 1971 to 2001

(a) It has increased

(b) It has decreased

(c) It has remained constant

(d) It has fluctuating tendency

**49.** निम्नलिखित में से कौन सा एक क्षेत्र सांस्कृतिक रूप से भारत के निकट है किंतु नृजातीय रूप से चीन के निकट है ?

(a) मध्य एशिया

(b) पश्चिम एशिया

(c) पोलीनेशिया

(d) दक्षिण-पूर्व एशिया

**50.** साल वृक्ष किस की प्ररूपी जाति (स्पीशीज़) है ?

(a) उष्णकटिबंधीय वर्षावन

(b) उष्णकटिबंधीय मानसून वन

(c) टैगा वन

(d) टुन्ड्रा वन

**51.** सूची I को सूची II से सुमेलित कीजिए और सूचियों के नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए :

| सूची I **(स्थान)** | सूची II **(किसके लिए प्रसिद्ध है)** |
|---|---|
| A. बालाघाट | 1. तेल क्षेत्र |
| B. कटनी | 2. लोह अयस्क |
| C. सिंगरौली | 3. मैंगनीज़ |
| D. कलोल | 4. बाक्साइट |
| | 5. कोयला |

**कूट :**

| | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| (a) | 1 | 2 | 4 | 3 |
| (b) | 3 | 4 | 5 | 1 |
| (c) | 3 | 5 | 4 | 1 |
| (d) | 1 | 2 | 5 | 3 |

**52.** किस प्रकार की मृदा में सबसे अधिक निक्षालन होता है ?

(a) लैटेराइट

(b) लाल

(c) रेगड़

(d) मरु

**53.** नव चन्द्र व पूर्णिमा को उच्च वृहत् ज्वार इसलिए होता है क्योंकि

(a) चन्द्रमा व पृथ्वी सम कोणों पर होते हैं

(b) सूर्य व चन्द्रमा सम कोणों पर होते हैं

(c) सूर्य, पृथ्वी व चन्द्रमा एक सरल रेखा में होते हैं

(d) सूर्य व पृथ्वी सम कोणों पर होते है

**54.** निम्नलिखित आँकड़े विभिन्न आयु समूहों में प्रतिशतता में चार वर्षों का जनसंख्या अनुपात दर्शाते हैं ?

| | 1971 | 1981 | 1991 | 2001 |
|---|---|---|---|---|
| 0 से 14 वर्ष | 42·03 | 35·57 | 37·46 | 35·44 |
| 15 से 29 वर्ष | 23·97 | 25·90 | 26·71 | 26·65 |
| 30 से 64 वर्ष | 28·03 | 28·04 | 29·03 | 30·44 |
| 65 वर्ष व उससे ऊपर | 5·97 | 6·49 | 6·80 | 7·47 |

उपर्युक्त सूचना के आधार पर 1971 से 2001 तक निर्भरता अनुपात की दशा का अभिनिर्धारण कीजिए :

(a) यह बढ़ गई है

(b) यह घट गई है

(c) यह स्थिर बनी रही है

(d) इसमें उच्चावच की प्रवृत्ति है

55. Which of the following factors is/are responsible for high concentration of jute mills in the Hugli basin ?

1. Nearness to coal fields.
2. Convenient dry climate for spinning and weaving.

Select the correct answer using the code given below :

(a) 1 only

(b) 2 only

(c) Both 1 and 2

(d) Neither 1 nor 2

56. Which one of the following is ***not*** a result of surface tension ?

(a) Vapour formation above the liquid surface

(b) Convex shape of liquid meniscus

(c) Liquid rising in a capillary

(d) Spherical shape of mercury fallen on the floor

57. Fat can be separated from milk in a cream separator because of

(a) Cohesive force

(b) Gravitational force

(c) Centrifugal force

(d) Centripetal force

58. Shanti Swaroop Bhatnagar awards are given to those who excel in the field of science and technology. The Institute associated with Prof. Shanti Swaroop Bhatnagar is

(a) CSIR

(b) DST

(c) ICMR

(d) IISc

59. A collection of gas and dust which appears as a bright ball of light in the sky with a glowing tail is called

(a) Star

(b) Comet

(c) Constellation

(d) Galaxy

60. A perfect black body has the unique characteristic feature as

(a) a good absorber only

(b) a good radiator only

(c) a good absorber and a good radiator

(d) neither a radiator nor an absorber

61. Which one of the following polymeric materials is used for making bulletproof jacket ?

(a) NYLON 6,6

(b) RAYON

(c) KEVLAR

(d) DACRON

**55.** हुगली बेसिन में जूट मिलों के उच्च संकेंद्रण के लिए निम्नलिखित में से कौन सा/से घटक उत्तरदायी है/हैं ?

1. कोयला क्षेत्र के पास होना।
2. कताई-बुनाई के लिए सुविधाजनक शुष्क जलवायु का होना।

नीचे दिए गये कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए :

(a) केवल 1

(b) केवल 2

(c) 1 और 2 दोनों

(d) न तो 1 और न ही 2

**56.** निम्नलिखित में से कौन सा एक, पृष्ठ तनाव का परिणाम **नहीं** है ?

(a) द्रव सतह के ऊपर वाष्प बनना

(b) द्रव नवचन्द्रक का उत्तल आकार

(c) द्रव का एक केशिका में चढ़ना

(d) फर्श पर गिरे हुए पारे का गोलीय आकार

**57.** क्रीम-सेपरेटर में दूध में से वसा को अलग किए जा सकने का क्या कारण है ?

(a) संसंजक बल

(b) गुरुत्वीय बल

(c) अपकेन्द्री बल

(d) अभिकेन्द्री बल

**58.** जो विज्ञान व प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करते हैं उन्हें शान्ति स्वरूप भटनागर पुरस्कार दिये जाते हैं। प्रोफेसर शान्ति स्वरूप भटनागर से संबद्ध संस्था कौन सी है ?

(a) सी एस आई आर

(b) डी एस टी

(c) आई सी एम आर

(d) आई आई एससी (IISc)

**59.** गैस व धूलि के उस पुंज को जो दीप्त पुच्छ-युक्त प्रकाश के दीप्त गोले के रूप में दिखाई पड़ता है, क्या कहते हैं ?

(a) तारा

(b) धूमकेतु

(c) तारा-मंडल

(d) आकाश-गंगा

**60.** एक पूर्ण कृष्णिका की अद्वितीय अभिलाक्षणिक विशेषता किस रूप में है ?

(a) केवल एक उत्तम अवशोषक

(b) केवल एक उत्तम विकिरक

(c) एक उत्तम अवशोषक व एक उत्तम विकिरक

(d) न तो एक विकिरक और न ही एक अवशोषक

**61.** बुलटप्रूफ जैकेट बनाने के लिए निम्नलिखित में से किस बहुलक (पॉलीमरिक) पदार्थ का इस्तेमाल होता है ?

(a) नायलॉन 6,6 (NYLON 6,6)

(b) रेयॉन (RAYON)

(c) केवलार (KEVLAR)

(d) डेक्रॉन (DACRON)

**62.** The light emitted by firefly is due to

(a) a radioactive substance

(b) chemiluminiscence process

(c) a photoelectric process

(d) burning of phosphorus

**63.** Which of the following statements about the commonly used automobile battery are true ?

1. It is usually a lead-acid battery.
2. It has six cells with a potential of 2 Volt each.
3. Its cells work as Galvanic Cells while discharging power.
4. Its cells work as electrolytic cells while recharging.

Select the correct answer using the code given below :

(a) 1, 2, 3 and 4

(b) 1, 2 and 3 only

(c) 2 and 4 only

(d) 3 and 4 only

**64.** Which one of the following statements regarding potato is correct ?

(a) It is a root

(b) It is a normal stem

(c) It is a modified stem

(d) It is a modified root

**65.** Match List I with List II and select the correct answer using the code given below the Lists :

| List I *(Mineral)* | List II *(Major Source)* |
|---|---|
| A. Iron | 1. Banana, date |
| B. Potassium | 2. Palak |
| C. Iodine | 3. Iodized common salt |
| D. Calcium | 4. Milk, egg |

*Code :*

| | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| (a) | 2 | 1 | 3 | 4 |
| (b) | 2 | 3 | 1 | 4 |
| (c) | 4 | 3 | 1 | 2 |
| (d) | 4 | 1 | 3 | 2 |

**66.** Which among the following oils has the maximum protein content ?

(a) Castor oil

(b) Sunflower oil

(c) Soya bean oil

(d) Safflower oil

62. खद्योत द्वारा प्रकाश का उत्सर्जन निम्नलिखित में से किसके कारण होता है ?

(a) रेडियोधर्मी पदार्थ

(b) रसो-संदीप्ति प्रक्रम

(c) प्रकाश वैद्युत प्रक्रम

(d) फासफोरस का जलना

63. निम्नलिखित में से कौन से कथन साधारणतया प्रयोग में आने वाली स्वचालित वाहन (ऑटोमोबाइल) बैटरी के बारे में सत्य हैं ?

1. यह सामान्यत: सीसा-अम्ल बैटरी होती है।

2. यह प्रत्येक 2 Volt विभव के छ: सेलों की होती है।

3. शक्ति विसर्जित करते समय इसके सेल गैल्वैनी सेलों की तरह काम करते हैं।

4. पुन: आवेशित होते समय इसके सेल विद्युतअपघटनी सेलों की तरह काम करते हैं।

